ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- जनपद के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार,प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन, उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय, भाषा प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन, राष्ट्रीय एकीकरण द्वारा आज दिनांक 28.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला एवं मो0 बहादुरपुरा स्थित फायर ब्रिगेट कार्यालय के पास निर्माणाधीन आटोमेटिक ट्रान्सफर स्टेशन स्थल का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में महिला थाना रेलवे स्टेशन तक व उसके आस–पास क्षेत्रो में पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

1. जनपद के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार,प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन, उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय, भाषा प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन, राष्ट्रीय एकीकरण द्वारा आज दिनांक 28.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव महोदय द्वारा गौशाला में साफ–सफाई, पेयजल,प्रकाश व्यवस्था एवं गायों उचित रख–रखाव एवं उनको दी जाने वाली खाद्य सामग्री की जानकारी ली गई। जिसमें साफ–सफाई की स्थिति ठीक पाई गई तथा कान्हा गौशाला में जलापूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था सही पाई गई। इसी प्रकार गायो के लिए हरा चारा,भूसा पर्याप्त मात्रा मे पाया गया एवं गायों को शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु गायों के लिये बिछावन एवं रजाई की व्यवस्था सही पाई गई। निरीक्षण के दौरान शीतलहर के दृष्टिगत रखते हुये गौशाला में लगे अलावों का निरीक्षण किया गया जिसमें चार स्थानों पर अलाव जलते पाये गये। प्रमुख सचिव महोदय द्वारा गायों को गुड,चना एवं हरी सब्जी खिलाई गई तथा बीमार एवं चोटिल गौवंशीयों के उपचार के संबन्ध मे उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप चिकित्साधिकारी से विस्तार में जानकारी प्राप्त की गई तथा गौवंशीयों के उपचार हेतु उपलब्ध औषधि की जानकारी ली एवं टीकाकरण के लिये विशेष निर्देश दिये गये। प्रमुख महोदय द्वारा मो0 बहादुरपुरा स्थित फायर ब्रिगेट कार्यालय के पास निर्माणाधीन आटोमेटिक ट्रान्सफर स्टेशन स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक अभियन्ता जल श्री पी0के0 सिंह,सहायक अभियन्ता,सिविल श्री विपुल कुमार, अवर अभियन्ता श्री विक्रमाजीत यादव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

2. स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के अन्तर्गत नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज दिनांक 28.12.2020 को महिला थाना से रेलवे स्टेशन तक व आस–पास के क्षेत्रो का पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियो द्वारा रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च निर्धारित किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग,जलकल विभाग,निर्माण विभाग,कर विभाग एवं पथ प्रकाश एवं प्रर्वतन दल की एक–एक टीम आवश्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। महिला थाना से रेलवे स्टेशन तक की दोनो तरफ की नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफ–सफाई कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफ–सफाई रखने की अपील गई। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वचछता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड–19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छता अभियान के सर्वेक्षण में अपनी पूरी–पूरी सहभागिता करें। पैदल मार्च में सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम, स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता श्री पी0के0सिंह एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।